दैनिक ट्रिब्यून, चंडीगढ़, सोमवार, 4 जून, 2012

मेगा स्वास्थ्य शिविर का कालकावासियों ने उठाया लाभ

कालका, 3 जून (निस)। कालका में यूं तो अनेक मेडिकल शिविर लगे होंगे लेकिन कालका के इतिहास में पहली बार विशाल नि:शुल्क मैगा हैल्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कैंसर, हृदय और दिमाग की बीमारियों के चैकअप के अलावा महिलाओं के ब्रैस्ट कैंसर की जांच को शामिल किया गया। ऐसा आयोजन यहां आज पहली बार किया गया। गुड़गांव स्थित मेदांता से पहली बार कालका में वोल्वो मोबाइल बस यहां आयी जिसमें कैंसर पीड़ित लोगों का चैकअप किया गया।

आज के इस विशाल नि:शुल्क मैगा हैल्थ शिविर के आयोजन का श्रेय, समाजसेवी संत शर्मा जो यहां व्हाइट हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं, को जाता है जिनके अनथक प्रयास से शिविर संभव होने के साथ-साथ पूरा कामयाब भी हो पाया। संत शर्मा ने शाम के समय शिविर की समाप्ति पर बताया कि इसमें 2145 की रजिस्ट्रेशन हुआ जो कि रिकार्ड है।

इस मैगा हैल्थ शिविर में एक छत के नीचे हृदय और दिमाग की बीमारियों के चैकअप एवं महिलाओं के ब्रैस्ट कैंसर की जांच के अलावा बच्चों का चैकअप, कैंसर, नेत्र व दांत चैकअप, बिलकुल नि:शुल्क किये गये। ईसीजी, शूगर, मेमौग्राफी टैस्ट व अन्य सभी टैस्ट भी मुफ्त किये गये।

मरीजों की सुविधा के लिये 29 मई से 31 मई तक रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया था ताकि शिविर वाले दिन न तो मरीज परेशान हों और न ही शिविर में आने वालों को कोई असुविधा का सामना रहे। आज के इस मैगा हैल्थ शिविर का उद्घाटन अंबाला से कांग्रेस के वर्तमान विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री विनोद शर्मा द्वारा किया गया जबकि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता बाल कल्याण परिषद अंबाला की वाइस उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति का आभार व्यक्त किया जिन्होंने शिविर के आयोजन के लिये स्कूल में जगह की व्यवस्था की अनुमति दी।



कालका में शिविर के उद्घाटन समारोह में मंच पर मुख्य अतिथि विनोद शर्मा के साथ बातचीत करती हुयी सोसायटी की चैयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा। साथ बैठी हैं मनवीर कौर गिल। चित्र : मनप्रीत जग्गी